Registered

Req - 110

From,

S. S. Gautam,
Deputy Registrar,
High Court of Judicature at
Allahabad.

To,

The Director.
Institute of Training Judical & Research,
Vineet Khand, Gomati Nagar,
Lucknow.

5 No. 15636 / IV-3968/ Admin (A) / Dated 18.11.2013

Subject :- Issue of 'No-objection Certificate' in favour of Sri Pradeep Kumar Shukla, Additional Civil Judge (Jr. Div.), Barabanki presently under training at I.J.T.R, Lucknow to appear in the Interview of U.P. Combined Upper Subordinate Service Examination-2011.

Sir,

With reference to your endt. no. J.T.R.I./Trg-2013/2013 dated 08.10.2013 on the above subject, I have to say that Sri Pradeep Kumar Shukla, Additional Civil Judge (Jr. Div.), Barabanki may kindly be asked to intimate as to whether he had ~~been~~ appeared in the Interview of U.P. Combined Upper Subordinate Service Examination-2011 on 29.10.2013 in anticipation of Court's permission and, if so, as to whether the No-objection Certificate' is still need~~ed~~ ~~at present or not~~, so that further necessary action may be taken in the matter.

Yours faithfully

[signature] 16.11.13

Deputy Registrar

6 No. 15637 / IV-3968 / Admin (A) / Dated 18.11.2013

Copy forwarded for information and necessary action to :-

**(1)** The District Judge, Barabanki.

**(2)** Sri ~~Prakash Chandra~~ Pradeep Kr. Shukla, Additional Civil Judge (Jr. Div.), Barabanki.

[signature] 16.11.13

Deputy Registrar

DR(M)

~~[illegible]~~

May issue?

AK Srivastava
14.11.13

[signature]
14.11.13
S.O.

सेवा में,

महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा- माननीय निदेशक, न्यायिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, लखनऊ।

विषय :- उत्तर प्रदेश प्रवर अधीनस्थ परीक्षा (पी0सी0एस0 2011) में साक्षात्कार के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र देने के संबंध में।

महोदय

ससम्मान विनम्र निवेदन है कि प्रार्थी ने इस सेवा में योगदान करने से पूर्व ही उत्तर प्रदेश प्रवर अधीनस्थ परीक्षा 2011 (पी0सी0एस0 2011) के लिए आवेदन किया था, जिसमें उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा प्रार्थी को मुख्य परीक्षा में सफल घोषित किया गया है और प्रार्थी दिनांक 29-10-2013 को होने वाले साक्षात्कार में भाग लेना चाहता है। प्रार्थी दिनांक 23-5-2013 को सिविल जज (जूनियर डिविजन) बाराबंकी कोर्ट नं0-22, में माननीय हाईकोर्ट के आदेशानुसार ज्वाइन किया है। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ परीक्षा 2011 (पी0सी0एस0 2011) के साक्षात्कार में सम्मिलित होने हेतु माननीय न्यायालय की पूर्व अनुमति एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र की आवश्यकता है।

अतः महोदय से सादर अनुरोध है कि प्रार्थी को उत्तर प्रदेश अधीनस्थ परीक्षा 2011 (पी0सी0एस0) के साक्षात्कार में सम्मिलित होने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र देने की महती कृपा करें।

सादर।

भवदीय,

(प्रदीप कुमार शुक्ला)
अपर सिविल जज (जूनियर डिविजन)
कोर्ट नं0-22, बाराबंकी।

दिनांक-

निदेशक
न्यायिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान
उत्तर प्रदेश, लखनऊ

28 OCT 2013

स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड

Req_110

# कार्यालय लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश
## इलाहाबाद

संख्या 543/2/E-2/2011-12

इलाहाबाद : दिनांक : 19, Sep. 2013

8- साक्षात्कार के समय सभी वांछित अभिलेख प्रस्तुत न करने पर आयोग द्वारा अभ्यर्थी का साक्षात्कार नहीं किया जाएगा।

## साक्षात्कार ज्ञाप

परीक्षा का नाम COMBINED STATE/UPPER SUBORDINATE SERVICES EXAMINATION 2011

अभ्यर्थी का नाम PRADEEP KUMAR SHUKLA

अनुक्रमांक 009239

साक्षात्कार तिथि अक्टूबर 29, 2013

सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित अभ्यर्थी का साक्षात्कार ऊपर अंकित तिथि को पूर्वान्ह 9.30 बजे कार्यालय लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश, 10- कस्तूरबा गाँधी मार्ग, इलाहाबाद में करने का निश्चय किया गया है। कृपया साक्षात्कार की तिथि ध्यान पूर्वक नोट कर लें। तिथि के परिवर्तन का प्रार्थना-पत्र स्वीकार किया जाना सम्भव नहीं होगा। साक्षात्कार के पूर्व निम्नलिखित औपचारिकतायें पूरी करना अनिवार्य है:-

1. इस पत्र के साथ आयोग द्वारा निर्धारित आवेदन-पत्र, प्रमाणीकरण प्रपत्र तथा देशना पत्रक भेजे जा रहे हैं, जिन्हें पूर्ण रूप से भरकर तथा सभी प्रमाण-पत्र एवं सभी अंक तालिकाओं की अभिप्रमाणित प्रतिलिपियाँ साक्षात्कार के समय कार्यालय में जमा करें। इसके अभाव में आपका साक्षात्कार करना संभव नहीं होगा और आपका अभ्यर्थन निरस्त समझा जायेगा।

2. साक्षात्कार के समय सभी प्रमाण-पत्रों/डिग्रियों एवं अंकतालिकाओं की मूल (Original) प्रतियां अपने साथ अवश्य लावें। यदि पद के लिए निर्धारित अर्हता से सम्बन्धित मूल (Original) डिग्री तथा प्रमाण-पत्र उपलब्ध न हुआ हो तो शिक्षा संस्था के प्रधान, रजिस्ट्रार द्वारा प्रदत्त अस्थाई (Provisional) प्रमाण-पत्र अपने साथ अवश्य लावें अन्यथा आपका साक्षात्कार नहीं किया जायेगा।

3. अपना दो नवीनतम आवक्ष (Pass-Port Size) फोटोग्राफ जो किसी राजपत्रित अधिकारी अथवा प्रधानाचार्य, जहाँ अंतिम शिक्षा पाई हो अथवा विभागाध्यक्ष द्वारा अभिप्रमाणित किया गया हो, तथा एक बिना अभिप्रमाणित नवीनतम आवक्ष (Pass-Port Size) फोटोग्राफ अवश्य लायें।

4. यदि किसी आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी होने का दावा किया है, तो शासन द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर वांछित प्रमाण-पत्र मूल रूप में साक्षात्कार के समय दिखायें। उसकी एक अभिप्रमाणित अथवा फोटो स्टेट कापी भी प्रस्तुत करें।

4 (ए) समाज के विकलांग श्रेणी के अभ्यर्थी शासन द्वारा निर्धारित प्रारूप पर अपने जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदत्त विकलांगता का प्रमाण-पत्र अवश्य प्रस्तुत करें जिसमें स्पष्ट उल्लेख हो कि आपकी विकलांगता उ. प्र. सिविल (एक्जीक्यूटिव) सेवा में डिप्टी कलेक्टर के पद पर कार्य करने में बाधक नहीं है।

5. एन. सी. सी. (बी.) सार्टीफिकेट/टैरीटोरियल आर्मी में सर्विस/खेल-कूद पठ्येत्तर कार्य-कलाप (Extra carricular activities) आदि से सम्बन्धित प्रमाण-पत्र भी प्रस्तुत करें।

6. जो अभ्यर्थी केन्द्रीय अथवा प्रदेशीय सरकारी सेवाओं में कार्यरत हैं वे अपने साथ अपने सेवायोजक का अनापत्ति प्रमाण-पत्र अवश्य लायें।

7. **साक्षात्कार परिषद के समक्ष आपको अपनी जाति व श्रेणी का उल्लेख नहीं करना है।**

MOBILE PHONE IS STRICTLY PROHIBITED

अनुभाग अधिकारी
कृते सचिव

श्री PRADEEP KUMAR SHUKLA
D/2 MASTER JAHRUL HASAN ROAD
KATRA
ALLAHABAD
ALLAHABAD
UTTAR PRADESH
PIN CODE 211002

Digitally signed by Sant Lal Sharma
Date: 2019.11.07 14:40:05 IST
Reason: A.R.(ADMIN-H)
Location: High Court, Allahabad